Semester II

Pedagogy 7A/7B

# MICRO-TEACHING सूक्ष्म शिक्षण

- Concept of Micro-Teaching
- Components of Micro-Teaching
- Process of Micro-Teaching
- Singnificance of Micro-Teaching
- Teaching skills: — Skill of Questioning.

By—
Dr. Asha Kumari Gupta

Asha Kumari Gupta

Scanned with CamScanner

# शिक्षण कौशल
## (TEACHING SKILLS)

शिक्षण एक कला है और इस के क्रियात्मक अभ्यास के लिए यह आवश्यक है कि अध्यापकों एवं छात्र-अध्यापकों को कक्षा शिक्षण से सम्बन्धित विभिन्न कौशलों में निपुण बनाया जाए। शिक्षण कौशल से अभिप्राय उन सभी शिक्षण-क्रियाओं या व्यवहारों से है जो छात्रों के अधिगम को सरल बनाते हैं और उनमें अपेक्षित व्यवहार-परिवर्तन लाते हैं।

Allen and Ryan 1969 ने 14 शिक्षण कौशलों के नाम बताए हैं जबकि Borget 1970 के अनुसार कुल 18 शिक्षण कौशल हैं। भारत में बड़ोदा विश्वविद्यालय के उच्च शिक्षा केन्द्र (CASE) में किये गये अनुसंधानों के आधार पर Prof. B.K. Passi, 1976 ने शिक्षण कौशलों की संख्या 21 निर्धारित की है।

भारतीय शिक्षाविद् प्रो. जंगीरा और उसके सहयोगियों (Prof. Jangira et. all. 1979) ने 20 शिक्षण कौशलों का वर्णन किया है —

(i) अनुदेशनात्मक उद्देश्यों का लिखना (Writing Instructional objectives)

(ii) विषयवस्तु का संगठन (Organisation of Content)

(iii) पाठ प्रस्तावना के लिए स्थिति उत्पन्न करना (Creating set for Introducing the Lesson)

(iv) पाठ प्रस्तावना (Introducing the Lesson)

(v) कक्षा-कक्ष प्रश्नों की संरचना करना (Structuring classroom Questions)

Scanned with CamScanner

(vi) प्रश्नों की डिलीवरी व वितरण (Questions Delivery and Distribution)

(vii) अनुक्रिया प्रबन्ध (Response Management)

(viii) व्याख्या (Explaining)

(ix) उदाहरण सहित दृष्टान्त (Illustrating with Examples)

(x) शिक्षण सहायक सामग्री का उपयोग (Using Teaching Aids)

(xi) उद्दीपक परिवर्तन (Stimulus Variation)

(xii) पुनर्बलन (Reinforcement)

(xiii) पाठ की गति (Pace of Lesson)

(xiv) छात्र सहभागिता प्रोत्साहन (Prompting Pupil Participation)

(xv) श्यामपट्ट का प्रयोग (Use of Blackboard)

(xvi) पाठ समापन की प्राप्ति (Achieving Closure of the lesson)

(xvii) गृह कार्य प्रदान करना (Giving Home Assignments)

(xviii) छात्रों की प्रगति का मूल्यांकन (Evaluating Pupils Progress)

(xix) छात्रों की अधिगम कठिनाइयों का निदान एवं उपचार करना (Diagnosing Pupil Learning Difficulties and ~~taking~~ Remedial Measures)

(xx) कक्षा प्रबन्ध (class Management).

Asha Kumari Gupta

Scanned with CamScanner